## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 26.07.2026 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में प्रेरक और अनुकरणीय पहलों से कराया अवगत, पर्यावरण, जल संरक्षण और उपलब्धियों का किया जिक्र।**
2. **करगिल विजय दिवस पर राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित, राज्यपाल ने रांची में पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को किया सम्मानित, बलिदान को किया याद।**
3. **नेता प्रतिपक्ष ने प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली की जांच की निष्पक्षता पर उठाए सवाल, कांग्रेस ने भाजपा पर किया पलटवार।**
4. **रांची समेत राज्य के कई जिलों में अगले तीन दिनों के दौरान गरज के साथ भारी बारिश का पूर्वानुमान, येलो अलर्ट जारी।**
5. **रांची में डूरंड कप का रंगारंग आगाज, सेना के शौर्य और लोक संस्कृति का दिखा अनूठा संगम, जमशेदपुर एफसी और डिफेंडर्स एफसी के बीचा पहला मुकाबला।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 136वीं कड़ी में आज देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा किये। इस दौरान उन्होंने विविध विषयों का जिक्र किया और लोगों को प्रेरक तथा अनुकरणीय पहलों से अवगत कराया। प्रधानमंत्री ने पर्यावरण और जल संरक्षण तथा युवाओं की उपलब्धियों का भी जिक्र किया। श्री मोदी ने कहा कि विक्रम–1 के सफल प्रक्षेपण में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है।

*******************

मन की बात कार्यक्रम को आज झारखंड समेत देशभर में लोगों ने व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से सुना। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा स्थित चाराडीह आवास पर सामूहिक रूप से इसका श्रवण किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने रांची के ओरमांझी स्थित पैतृक गांव कुच्चू में कार्यकर्ताओं तथा अन्य लोगों के साथ मन की बात कार्यक्रम को देखा और सुना। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची के कांके रोड स्थित भाजपा के मंडल कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना।

*******************

कारगिल विजय दिवस पर आज राजधानी रांची समेत राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित हुए। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कारगिल विजय दिवस पर वेटरन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ झारखंड द्वारा राँची में आयोजित समारोह में अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने वीर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को सम्मानित किया तथा उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

*******************

कारगिल विजय दिवस पर आज गुमला में लांस नायक अल्बर्ट एक्का समेत शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गयी और उनके बलिदान को याद किया गया।

*******************

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–23 के रांची–पिस्का–पलमा खंड पर पतराचोली टोल प्लाजा पर आज मध्यरात्रि से टोल टैक्स लागू हो गया है, जिससे रांची–गुमला मार्ग पर सफर महंगा हो गया है। नई दरों के अनुसार कार, जीप और वैन के लिए एकल यात्रा का टोल 40 रूपये तथा दो–एक्सल बस और ट्रक के लिए 140 रूपये निर्धारित किया गया है। एनएचएआई ने 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले स्थानीय गैर–व्यावसायिक वाहन मालिकों के लिए 360 रूपये मासिक पास की सुविधा दी है।

*******************

देश के विभिन्न हिस्सों में प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता, धांधली और पेपर लीक का मामला चरम पर है। इस बीच केंद्र सरकार कल लोकसभा में लोक परीक्षा संशोधन विधेयक–2026 पेश करेगी। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह इस विधेयक को सदन में प्रस्तुत करेंगे। इसका उद्देश्य लोक परीक्षा अधिनियम, 2024 में संशोधन करना है।

*******************

राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं के मुद्दे पर राजनीतिक मंच पर बयानबाजी तेज है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के मामले पर फिर राज्य सरकार को घेरा है। उन्होंने निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई जांच की मांग दोहरायी है। रांची में आज प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्हें चेताया। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि भ्रष्ट अधिकारियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है, ऐसे में राज्य में विकास की उम्मीद बेमानी है।

*******************

इधर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की ने जेपीएससी और कर्मचारी चयन आयोग से जुड़े विवादों पर भाजपा पर पलटवार किया है। श्री तिर्की ने आज गुमला में पत्रकारों से बातचीत में तत्कालीन राज्य सरकार और अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

*******************

देवघर पुलिस ने फर्जी साइबर पुलिस बनकर घरों में छापेमारी करने के नाम पर लूटपाट करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दस अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने बताया कि इस गिरोह के सदस्य लम्बे समय से देवघर और आसपास के इलाकों में सक्रिय थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से हथियार समेत कई चीजें बरामद की गयी है।

*******************

राज्य के कई जिलों में अगले तीन दिनों के दौरान भारी बारिश का पूर्वानुमान है, जिसे लेकर मौसम विज्ञान केन्द्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। गुमला और खूंटी समेत कुछ अन्य जिलों में आज कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। कल इन दोनों के अलावा रांची और लोहरदगा में भी भारी बारिश के आसार हैं। आगामी 28 जुलाई को पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, गुमला, खूंटी और लोहरदगा समेत कुछ अन्य जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

*******************

राजधानी रांची में आज से डूरंड कप टूर्नामेंट का रंगारंग आगाज हो गया। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान भारतीय सेना के शौर्य और झारखंड की लोक संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। टूर्नामेंट का उदघाटन मैच जमशेदपुर फुटबॉल क्लब और डिफेंडर्स फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। रांची में ग्रुप सी के छह मुकाबले होने वाले हैं और एक क्वार्टर फाइनल मैच भी खेला जाएगा।

**********समाप्त**********